HALF-AN-HOUR DISCUSSION

Points arising out of the answer to Starred Question Nos. 405 and 416 given on 3rd May, 2007 regarding "Campaign to protect Ramsetu" and "Sethusamudram project endangering link between India and Sri Lanka"

डा0 मुरली मनोहर जोशी (उत्तर प्रदेश) **:** उपसभापति जी, मैने पहले ही आपसे निवेदन किया था कि यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है, इसलिए आप इस पर आधे घंटे के समय की सीमा न रखें।

श्री उपसभापति : समय की सीमा तो होनी चाहिए।

डा0 मुरली मनोहर जोशी : उपसभापति जी, मैं सन 1977 से देख रहा हूं कि आज तक कभी भी आधे घंटे की बहस आधे घंटे में पूरी नही हुई।

श्री उपसभापति : समय की सीमा तो होनी ही चाहिए।

डा0 मुरली मनोहर जोशी : जितना हो जाए। यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है, जिस पर आपने कृपा करके चर्चा करने की अनुमति दी है। कुछ समय पहले मार्च के महीन में मैंने माननीय प्रधानमंत्री जी को एक पत्र लिखा था और वह सेतु-समुद्रम प्रकल्प के बारे में था। वहां जो नहर बनाई जा रही है, उसके संबंध में मैंने वह पत्र लिखा था। उसमें मैंने यह कहा था कि जहां तक इस परियोजना का प्रश्न है, इससे हमारा विरोध नही है, लेकिन इसका जो रेखांकन किया जा रहा है, जो alignment किया जा रहा है, उससे हमारा प्रबल विरोध है। हमने यह भी बताया था कि इसमें ऐसे बहुत से तथ्य हैं, जिनकी उपेक्षा की गई है, जिनको ध्यान में रखा जाना चाहिए था, लेकिन उनको ध्यान में नही रखा गया। **...(व्यवधान)...**

SHRI PENUMALLI MADHU (Andhra Pradesh): Sir, I want to register my protest. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I thought you have gone. *...(Interruptions)...*

SHRI PENUMALLI MADHU: All the other Half-an-Hour Discussions have been left out. Discussion on the working of none of the Ministries has been taken up. Now, this discussion on Ramsetu has come. *...(Interruptions)...*

श्री उपसभापति : आप बैठिए।

श्रीमती सुषमा स्वराज (मध्य प्रदेश) **:** चलाओ 22 तारीख तक और सारे करो, हम तो यही मांग कर रहे हैं, सारे करो।

डा0 मुरली मनोहर जोशी : उपसभापति जी, इस प्रश्न के कुछ अलग-अलग पहलू हैं और उन सब पर गहराई के साथ विचार होना चाहिए । मैंने अपने पत्र में प्रधान मंत्री जी से यह अनुरोध किया था कि नए तथ्यों के आलोक में, नए facts के संदर्भ में इस परियोजना को पहले स्थगित करें और इसका रेखांकन बदलें, aligment बदलें । उसके बारे में मैंने कुछ कारण भी उनको बताए थे । सबसे पहले मैं यह बताना चाहूंगा कि यह परियोजना कोई नयी परियोजना नही है । ब्रिटिश शासन काल में भी इस पर विचार हुआ था और हर विचार के बाद इसको छोड़ दिया गया था, मुल्तवी कर दिया गया था, postpone कर दिया गया था । आजादी के बाद भी इस पर विचार हुआ और कई कमेटियां इसके ऊपर बैठी । आजादी के बाद जो कमेटियां इस पर बैठी , उनका भी मैंने उल्लेख किया था और उन सब में क्या विशेष बातें कही गई, इसके बारे में भी मुझे कुछ उल्लेख करना है ।

उपसभापति जी, 1961, 1968, 1996, 1998 में ...(**व्यवधान**)...

THE MINISTER OF SHIPPING, ROAD TRANSPORT ANDHIGHWAYS (SHRI T.R. BAALU): Sir, I want to say only one thing. My former senior colleague can take any amount of time. That is not the problem. But, till I reply, all the Members of the Opposition should be here to listen to me. They should not walkout *(Interruptions).* The second point is that. Sir, even after 5 0' clock, you should allow the discussion to go on. . *(Interruptions).* That is the usual practice of my friends . .*{Interruptions)...*

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: We will listen to you, Mr. Minister.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: If you have anything tangible to say, अगर कुछ तथ्य की बातें होगी, तो हम जरूर सुनेंगे । उसमें यह बताया गया था कि कई बार इस विषय पर इन समितियों ने विचार किया और उसके बारे में alignments या रेखांकन भी सुझाए । पहले 1956 में ए0आर0 मुदालियार साहब कि एक कमेटी बनी थी, जिन्होंने यह कहा था कि "Alignments considered to either create a canal or just a passage across the Gulf of Mannar and Palk Straits,"—the categorical recommendations of theA.R. Mudaliar are as follows: I quote: "against any passage across the Adam's Bridge" It is surprising that these recommendations have been suddenly and arbitrarily abandoned मुदलियार कमेटी ने उसके बारे में कुछ प्रमाण भी दिए थे, कुछ तर्क भी दिए थे । "First, the shifting sandbanks in this area present a far more formidable problem-both at the stage of construction and during maintenance-- than the sand dunes on the island site." उन्होंने इस कनाल को भूमि पर स्थित करने की बात कही थी, land-based canal बनाने की बात कही थी, जैसे कि पनामा या स्वेज है । बाकी समुद्र में नहर बनाने की बात, ब्रिटिश चैनल बनाने की बात

उन्होंने नही कही थी । दूसरा उन्होंने कहा , "The approaches to a channel would be far too open with no possibility of construction of protective works. A channel at this site-even if it can be made and maintained—would entail definite navigational hazard." तीसरी बात उन्होंने कही थी "The channel would be bordering on the Sethusamudram Medial Line." यह बहुत महत्वपूर्ण बात है "In these circumstances, we have no doubt, whatever, that the junction between the two seas should be effected by a canal; and the idea of cutting a passage in the sea through Adam's Bridge should be abandoned.' इस रास्ते को किसी ने स्वीकार नही किया । फिर अप्रैल 1983 में Sethusamudram Project Committee Chairman, Shri H.R. Laxminarayan, Development Adviser (Ports), Ministry of Shipping and Transport, Member V. Sundaram, Chairman, Tuticorin Port Trust (one of four members), उसके पैराग्राफ 6.1 में वे कहते हैं, मैं पूरा नही पढ़ रहा हूं "The results of the investigations were briefly reported in his project report of May, 1968." Then, para 6.2 says and I quote, "As discussed in Chapter 5, the K-alignment across Dhanushkodi at one kilometre West of Kothandaramasamy Koil was chosen." यह भी रामेश्वरम से धनुषकोटि का जो भूमि का हिस्सा है, उस कोदंड रामासामी टेम्पल के पास कनाल काटी जाए । यह भी Land based canal sft i Then, sub-para 5 1.1 of para 5.1 which deals with Canal alignment says, "ShriC.V. Venkateswaran, Consultant, Sethusamudram Project has recommended the DE-alignment in his project report of May, 1968, after careful investigation of all previous alignments. DE-alignment passes across Rameswaram island at Thankachimadam West of the famous Rameswaram temple. यानी कोई भी सेतुसमुद्रम को इस ब्रिज के across उसको काट कर बनाने की सिफारिश नही करता । क्या कहता है "They expressed the sentiments of the local public against cutting the canal along the 'DE' alignment separating the temple from the main land and also voiced their apprehensions that such a cut could endanger the island during cyclones." Para 14 of Sethusamudram Project Committee Report, April 1956, by Dr, A. Ramaswami Mudaliar, says, "Navigational safety—overriding consideration. We may say, at the outset that both in setting the lay out of the route as well as in planning the project in detail, we have kept before us the question of navigational safety as an overriding consideration. It is unlikely that the route will be used merely becaus.e of saving in time and distance. We have, therefore, taken care to plan the project in such a way that the route proposed by us will be recognized as safe." Then, "The Sethusamudram Medial Line" and the location of the Project to its West—one other

consideration which we have kept in mind is the need to ensure that navigational works and facilities proposed will be wholly under the control of the Government of India." इस तरह से उन्होंने तमाम recommendations में कारण बताए थे कि किस तरह से इस कनाल को कहां बनाया जाना चाहिए । यह भी कहा Unsuitability of Adam's Bridge: preference for canal over passage. We have been asked specifically to consider the proposal of cutting a channel at the approaches to Adam's Bridge in order to connect the Gulf of Mannar and the Palk Bay. The origin of this suggestion is to be traced to the opinion formed by the Harbour Engineer to the Government of Madras in 1921, and they have rejected it summarily. We consider that had a detailed study also been made of Adam's Bridge, this gentleman would have revised his opinion. We are convinced that the Adam's Bridge site is unsuitable for the following reasons: First, the shifting Sandbanks in this area present a far more formidable problem—both at the stage of construction and during maintenance—than the sand dunes on the island site. Secondly, the approaches to a channel would be far too open with no possibility of construction of protective works. A channel at this site—even if it can be made and maintained—would entail definite navigational hazard. Thirdly, the channel would be bordering on the Sethusarhudram Medial Line." मैं इस बारे में आगे विस्तार से बताऊंगा । Then it is said, "In these circumstances, we have no doubt, whatever that the junction between the two sea should be effected by a Canal; and the idea of cutting a passage in the sea through Adam's Bridge should be abandoned." तो बार-बार यह बात कही जा रही है कि यह ठीक नही है । आप पानी में यह नहर मत बनाइए । अगर रास्ता बनाना है तो land based canal बनाइए, water channel पर उसे मत बनाइए । आखिर में उन्होंने यह भी कहा है कि "The scope for development will be far more important at the recommended site; because of its situation on the mainland and in the vicinity of a natural harbour." तो इकॉनोमिकली यह ज्यादा सूटेबल है, नेवीगेशनल पॉइंट ऑफ व्यू से भी ज्यादा सूटेबल है और साथ ही साथ इंजीनियरिंग पॉइंट ऑफ व्यू से भी यह ज्यादा सूटेबल है । इसी तरह से यह मई 1968 की श्री सी0बी0 वेंकटेश्वन की रिपोर्ट है । It is by C.Y Venkateswaran, Consultant, Sethusamudram Project, and he says, 'Geologists affirm that there used to be a continuous passage between India and Ceylon and this did look like a causeway with two distinguishable paths—a substratum of sand reef running almost horizontally, just below sea level, for the entire length and a superstructure of broken sandstone and marine sand, lying atop. The substratum of sand stone reef is still there, stretching in an unbroken

line from India to Ceylon—an unbroken line from India to Ceylon—and lying just below sea level. But the superstructure is no longer unbroken, having being blown away by a great storm of 1480 AD. What remains of 'Sethu' above sea level to the west of Dhanushkodi consists of only two parts. 1480 तक भारत के लोग इस पुल पर पैदल चलकर श्रीलंका जाते थे। ये मद्रास प्रेसीडेंसी के रिकॉर्डर्स है। उस में कहा गया है कि 1480 तक लोग इस पर पैदल चलकर जाते थे। मुझे आश्चर्य होता है जब कोई मंत्री यह कहता है कि वहां पुल नही था। There was no bridge. रामसेतु था या नही, उस पर मैं बाद में आऊंगा, लेकिन पुल था, यह बात तो साफ है। सरकारी रिकॉर्डर्स कहते हैं कि लोग उस पर पैदल चलकर जाते थे और केवल भारत के रिकॉर्डर्स ही नही कहते , विदेशों के रिकॉर्डर्स भी कहते है, वह भी मैं आप को आगे बताऊंगा।

सीधी बात यह है कि यह जिद क्यों की जाए कि यह सेतु नही था और इस को तोड़ना जरूरी हैं? फिर वह कहते हैं कि "The narrow stretch of water between the South-East coast of India and the North-West coast of Ceylon is not one sea but consists of two separate seas known as the Palk Bay and the Gulf of Mannar, though they meet and mingle over Adam's Bridge through the Pamban Gap and remain as such for purposes of navigation, with the sand stone reef, called by Arab navigators as "Adam's Bridge", constituting an effective shipping barrier, compelling all ships which proceed from this part to that part circumnavigating Ceylon." यह स्थिति थी कि 1480 तक वहां लोग पैदल चलते थे और वह इलाका हिंदुस्तान से मिला हुआ था। उस बारे मे मैंने प्रधान मंत्री को लिखा था।... *(Interruptions)...*

SHRIPRAVEEN RASHTRAPAL (Gujarat): Sir, I am on a point of order. *...(Interruptions)...*

श्री उपसभापति : क्या पॉइंट ऑफ ऑर्डर है?**...(व्यवधान)...**

SHRI S.S.AHLUWALIA(Jharkhand): Under what Rule?

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: It is under Rule 60. *...(Interruptions)...* रुल 60 मैं पठकर आया हूं। Sir, I just wanted to know one thing. I had also given an item to be raised on 09.05.07.1 am not informed by the Secretariat whether my item is allowed under any rule. That is one point. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is not a point of order. *...(Interruptions)...*

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: Then, another point is, I want to know whether this discussion is for half-an-hour or for an indefinite period. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is for half-an-hour. *...(Interruptions)...*

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: Then how much time would the first speaker take? *...(Interruptions)...* There should be a limit. *...(Interruptions)...* The Rule says, it cannot go..... *(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no; I have already requested the hon. Member that..... *(Interruptions),.. I am clarifying it ...(Interruptions)...* Mr. Baalu, I am clarifying it. *...(Interruptions)...* I shall clarify. Please . *(Interruptions)...*

SHRI T.R. BAALU: I need, at least, an hour to answer these questions.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Baalu, please take your seat. I shall clarify. *...(Interruptions)..*

SHRI T.R. BAALU: Sir, if I have to answer, it should not be restricted to half an hour. IfI am expected to answer all these questions, I would take not less than one hour. *...(Interruptions)...*

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: We shall listen to you for one hour. . *(Interruptions)...* We shall listen to you for one hour.

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: This is Half-an-Hour discussion. *...(Interruptions)...*

श्री उपसभापति : आप बैठिए,...(**व्यवधान**)... राष्ट्रपाल जी, आप बैठिए...(**व्यवधान**)...

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: What happens to my complaint? . *(Interruptions), .*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is the prerogative of the Chair to decide which Half-an-Hour is to be listed and...*(Interruptions)...*

SHRI T.R. BAALU: Where is the time for me to answer? He has already spoken for twenty minutes. Where is the chance for me to speak? .*(interruptions)..* There is no rule...*(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I agree with *you...(Interruptions)...* Let me *...(Interruptions)...*

SHRI T.R. BAALU: Sir,! should know how much time I would be getting to answer. *(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Minister, I have already reminded hon. Members that there are five Members more to speak. I am requesting them again to keep the time constraint in mind. It cannot go on indefinitely. Dr. Murli Manohar Joshi, you have already spoken for 15 minutes.

...(Interruptions)... आप बैठिए**...(व्यवधान)...**He has also got the right to point out; it is not as if you alone have the right to point out. Please, sit down. *...(Interruptions)...*

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, the Minister for Parliamentary Affairs is here. I would...*(Interruptions)...*

श्री उपसभापति : आप इसमें क्यों टाइम वेस्ट करते हो?**...(व्यवधान)...**

SHRI S.S. AHLUWALIA: You are a Minister *...(Interruptions)...* you should not object to it. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, sit down. I shall...*(Interruptions)...*

SHRI T.R. BAALU: I have got every right to intervene at any point of time. I am only requesting the Chair to give me adequate time to reply.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Minister, please be seated; I shall tell him. *...(Interruptions)....*

SHRI T.R. BAALU: There should be no partiality. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, don't use that word. Please, don't use that. The Chair is hot partial. *...(Interruptions)...*

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: Sir, I must be given an answer too. *...(Interruptions)...*

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRSAND THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYARANJAN DASMUNSI): If the matter were so serious, why did you bring in a Half-an-Hour discussion?... *(Interruptions)...*

डा0 मुरली मनोहर जोशी : उपसभापति जी, मैंने ऐसा कुछ नही कहा है, जिससे मंत्री महोदय क्रोधित हो जाएं,**...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : जोशी जी, मेरी यह रिक्वैस्ट है कि एक समय –सीमा होनी चाहिए**...(व्यवधान)...**यह half an hour है । Half an hour में हो सकता है 5-10 मिनट इधर-उधर होंगे, But it cannot be an indefinite thing.You have already taken up 15 minutes ...(**व्यवधान**)...

डा0 मुरली मनोहर जोशी : महोदय मैं बहुत दिनों से संसद का सदस्य हूं । आधा घंटे की चर्चा दो-दो घंटे, तीन-तीन घंटे तक चली है**...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : अब उसका मतलब क्या यह है कि दो घंटे लेने हैं...(**व्यवधान**)...

डा0 मुरली मनोहर जोशी : यह विषय बड़ा महत्वपूर्ण है...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : यह विषय हाउस के लिए...(**व्यवधान**)... यह आपके लिए महत्वपूर्ण होगा, मगर...(**व्यवधान**)...

डा0 मुरली मनोहर जोशी : क्या इस तरह से चलेगा सदन? ...(**व्यवधान**)... हम बैठने को तैयार हैं...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Then you could have brought it up as a Short Duration Discussion. Why have you brought it as a Half-an-Hour Discussion?

डा0 मुरली मनोहर जोशी : वह इसलिए क्योंकि सरकार...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : नही, नही । इस पर मैं बहस करना नही चाहता...(**व्यवधान**)...

डा0 मुरली मनोहर जोशी : महोदय, मैं मर्यादा का पालन करता हूं कि अन्दर जो बात होती है, उसको बाहर नही करना चाहिए, लेकिन मैं इस बारे में बहुत दिनों से...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : नही, नही । देखिए, मैं इस बहस में ...(**व्यवधान**)... जोशी जी, इस Half-an-hour को रूल्स के हिसाब से Half-an-hour ही रखिए । आप मेहरबानी करके जल्दी समाप्त कीजिए । ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रियरंजन दास मुंशी : सर, ...(**व्यवधान**)... बडी शांति से यह हाउस चल रहा है । हमारा आपसे नम्र निवेदन है कि सबके सहयोग से इस हाउस को चलाना है । मेरा निवेदन यह है कि मंत्री जी ने जो कहा है कि मंत्री जी को भी मौका मिलना चाहिए,...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : उनको देंगे न?...(**व्यवधान**)...

श्री प्रियरंजन दास मुंशी : सर, Half a minute सर । इतना महत्वपूर्ण विषय, भगवान राम को Half an hour डिस्कशन की मांग करना ही महत्व को लघु करने के बराबर है...(**व्यवधान**)... इस पर बढ़िया ढ़ंग से बहस करनी चाहिए थी...(**व्यवधान**)...

डा0 मुरली मनोहर जोशी : इस तरह की बात नही चलेगी...(**व्यवधान**)... हमें भी मालूम है कि क्या चीज़ और क्या मांगनी चाहिए और कैसे विषय उठाने चाहिए...(**व्यवधान**)...

श्री प्रियरंजन दास मुंशी : इसमें राम की तरह सीताराम जी को भी...(**व्यवधान**).....

श्री उपसभापति : मेरी यही रिक्वैस्ट है कि टाइम का ख्याल रखिए,...(**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य : सीताराम जी को भी बोलने दीजिए,...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसाद (बिहार) **:** सीता जी उस समय लंका में थीं ...(**व्यवधान**)... राम जी वहां सीता जी को लाने गए थे। समझे आप?...(**व्यवधान**)...

डा0 मुरली मनोहर जोशी : मेरा एक निवेदन है, बहुत करबध्द निवेदन हैं...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी (पश्चिमी बंगाल) **:** सीता जी की लंका में हनुमान जी के जाने से दिक्कत है, सीताराम के बोलने से तो नही...(**व्यवधान**)... हमारे बोलने में तो कोई प्रॉब्लम नही...(**व्यवधान**)... सर, आपने बिल्कुल सही रूलिंग दिया। यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। अगर इसके लिए शॉर्ट डयूरेशन डिस्कशन होता, तो बेहतर होता। लेकिन आप बताइए कि यह आधा घंटा का चलेगा या शाम तक चलेगा...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : मैं यही कह रहा हूं। इसकी समय-सीमा होनी चाहिए। जैसा कि मुरली मनोहर जोशी जी कह रहे हैं कि दो घंटे भी बहस हुए हैं...(**व्यवधान**)... मैं आपको दो घंटे अलाऊ नही कर सकता। मैं आपको अलाऊ नही कर सकता; I will have to follow the rules.

श्री सीताराम येचुरी : नही सर। सर, अभी पांच बज रहे हैं। आप टाइम सेट कर दीजिए कि कब तक करेंगे।

डा0 मुरली मनोहर जोशी : पांच बजे तो इसके शुरू होने का समय है...(**व्यवधान**)... पांच बजे तो इसके शुरू होने का समय हैं, खत्म होने का नही...(**व्यवधान**)...

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: Kindly go through the rules. *...(Interruptions)...* I have given a notice. You must make only a short statement and the concerned Minister would reply to that. He should make only a short statement. *...(Interruptions)...*

श्री उपसभापति : आप बोलिए। शॉर्ट स्टेटमेंट कीजिए...(**व्यवधान**)...

DR. K. MALAISAMY (Tamil Nadu): Sir, this discussion needs more time, not half an hour. It needs more time.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: So, what should we do?

DR. K. MALAISAMY: Sir, you must decide that.

5.00 p.m.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It has to be completed. It has been listed. We are giving time. But it should be completed within time. *(Interruptions)...*

DR. K. MALAISAMY: This is the most important issue...*(Interruptions)...*

MR DEPUTY CHAIRMAN: Then let us take it up in the next Session under Short Duration. *..(Interruptions)...*

SHRI S.S. AHLUWALIA: Let us discuss this *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Half-an-Hour should be within the rules. *..(Interruptions)...* If sometimes it has taken two hours, that is not the rule. Two hours is not the rule. *...(Interruptions)...* Half-an-Hour is the rule. *...(Interruptions)...*

डा0 मुरली मनोहर जोशी : सर, सैशन तो 22 तारीख तक है ।**...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : मुझे मालूम नही है । **...(व्यवधान)...**

डा0 मुरली मनोहर जोशी : मगर अभी तक जो दिया है, वह तो 22 तारीख तक है ।**...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : उसका मतलब यह नही है कि हॉफ एन ऑवर का दो ऑवर लें ।**...(व्यवधान)...**

डा0 मुरली मनोहर जोशी : सर, विषय की महता देखनी होगी ।**...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : नही, नही । यह बात नही हो सकती ।**...(व्यवधान)...**I have to control the time. The time has to be regulated. Don't say not to regulate the time. *...(Interruptions)...* It is against the rules. *...(Interruptions)...* You are telling the Chair not to regulate the time.. *..(Interruptions)..More* than half an hour will not be allowed. *...(Interruptions)...*

DR. K. MALAISAMY: I bring it to your kind notice that in the name of Half-an-Hour discussion, we discuss for more than one hour. There is a precedent....*(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That will not be allowed. *...(Interruptions)...* That will not be allowed. *...(Interruptions)...*

KUMARI NIRMALA DESHPANDE (Nominated) : You talked about Chairman's discretion. This morning I approached the Chairman for discussing Professor Thorat Committee Report. He promised that it will be taken up. When will it be taken up?

श्री उपसभापति : जोशी जी, प्लीज, आप बोलिए, कंप्लीट की जिए ।**...(व्यवधान)...**

डा0 मुरली मनोहर जोशी : उपसभापति जी, इस काम को, अभी जो काम चल रहा है, उसको फिलहाल रोकने के लिए हमने प्राइम मिनिस्टर से भी अपील की थी । **...(व्यवधान)...** इसमें एक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है और वह यह है कि यह जो इन्होंने नया रेखांकन किया है, एलाइनमेंट किया है, यह मैरीडियन लाइन के साथ बिल्कुल उसका समानान्तर है , अर्थात हमारे और श्रीलंका के बीच में जो अंतर्राष्ट्रीय जल-रेखा है, उससे बिल्कुल समानान्तर है । आज से पहले, अभी पिछले साल से पहले इस सारे क्षेत्र में हमारे सारे हिस्टोरिक वाटर के अधिकार थे, हमारे भी, श्रीलंका के भी और इसलिए वह हमारे इंटरनल वाटर थे । इस मामले में हमारा उनका एक समझौता है, भारत और श्रीलंका का, लेकिन मुझे यह बताते हुए बहुत अफसोस होता है कि इस चीज को दर-गुजर करते हुए अमरीका की सरकार ने हमारे इस अधिकार को बिल्कुल मानने से इंकार कर दिया और हमने उनका जो इसमें निकाला है, उनके दो URLs हैं, दो डॉक्युमेंटस जो यू एस नेवी के आपरेशनल डायरेक्टिव हैं, *http://www.dtic.military/whsdirectivescorrespondence/ 200506305india ...(Interruptions)...*

SHRI T.R. BAALU: He is talking about so many things. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Reply while your turn comes. ,. *..(Interruptions)...*

DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN (Tamil Nadu): Are we governed by the US proceedings? *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If this is the situation, I will have to stop the debate....*(Interruptions)...* I will have to stop this. *...(Interruptions)...* How much time will you take? *...(Interruptions)...* आप बोलिए ।**...(व्यवधान)...** आप कितना टाइम चाहते हैं?**...(व्यवधान)...** यह तो कहिए, आप कितना टाइम चाहते हैं ।**...(व्यवधान)...**

SHRI T R. BAALU: No country has got any right to dictate the sovereignty of India *...(Interruptions)...*

डा0 मुरली मनोहर जोशी : उपसभापति जी, आज तक हमने किसी मंत्री को इस प्रकार से सदन की कार्यवाही में डिस्टर्ब करते हुए नही देखा है।**...(व्यवधान)...** सर, मैं कहूंगा कि पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर इसको देखें ।**...(व्यवधान)...** यह क्या तरीका हैं?**...(व्यवधान)...** यहां पर यह क्या तरीका हैं?**...(व्यवधान)...** हम पूछना चाहते हैं कि वह क्यों बहस में डिस्टर्ब कर रहे हैं,

व्यवधान डाल रहे हैं? वह नही चाहते कि सदन के सामने वह तथ्य रखे जाएं, जो इनकी सरकार ने देश से छुपाए हैं । वह नही चाहते हैं इस बात को और इसलिए बार-बार सदन को डिस्टर्ब कर रहे हैं ।**...(व्यवधान)...**

SHRI T.R. BAALU: You are misleading the House *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: While replying, you can make your point *...(Interruptions)...*

श्रीमती सुषमा स्वराज : मंत्री जी, आप जवाब दे देना । **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Baalu, you can tell that in your reply *...(Interruptions)...* I will give you time, whatever time you require for your reply. So, please listen to them and then give your reply, जोशी जी, आपको कितना वक्त चाहिए, बता दीजिए ।

डा0 मुरली मनोहर जोशी : सर, मुझे अगर ये लोग डिस्टर्ब नही करेंगे तो मैं इसको ठीक से समाप्त करने की कोशिश करूंगा । मैं आधे घंटे में समाप्त कर दूंगा ।

श्री उपसभापति : आधा घंटा नही मिलेगा । **...(व्यवधान)...** No, it is not possible *...(Interruptions)...* How is it possible?

श्री एस.एस. अहलुवालिया : क्यों नही मिलेगा?**...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : आप कैसे बोल सकते हैं । **...(व्यवधान)...** आप चेयर को रेगुलेट करने के लिए, आप डायरेक्शन कैसे दे सकते हैं चेयर को । **...(व्यवधान)...** Half an hour नही दे सकते । **...(व्यवधान)...**

श्री एस.एस. अहलुवालिया : क्यों नही दे सकते?**...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : मैं वही रिक्वेस्ट कर रहा हूं, कितना टाइम चाहिए?**...(व्यवधान)...**

डा0 मुरली मनोहर जोशी : Half an hour चाहिए ।**...(व्यवधान)...**

श्री एस.एस. अहलुवालिया : हमको एक घंटा चाहिए । **...(व्यवधान)...** Let us discuss this issue. What is the problem? ...(Interruptions)...

श्री उपसभापति : एक घंटा हम नही दे सकते । **...(व्यवधान)...** आप बोलिए।**...(व्यवधान)...**

श्रीमती सुषमा स्वराज : सर, हम 10-10 बजे तक बैठे हैं**...(व्यवधान)...** कौन सी बाहर बारिश हो रही है । सर,**...(व्यवधान)...**

श्री एस.एस. अहलुवालिया : क्या बारिश हो रही है...(**व्यवधान**)... क्या हम पानी में भीग जाएंगे, बाहर बारिश हो रही है ?...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : जब रिक्वेस्ट किया जाता है तो Half an hour के लिए किया जाता है, बाद में बोलते हैं कि कैसे करेंगे और indefinite time ...(**व्यवधान**)... क्या हर मैम्बर को इसी तरह से मैं अलाऊ कर सकूंगा?...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : सर, हम लोग सुबह से आपका सारा लेजिस्लेटिव बिजनेस चुपचाप शांति से करा रहे है...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज : आज लंच के लिए ब्रेक भी नही किया, सर । ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : Half an hour को एक घंटा ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसाद : सर, बहुत समय चला गया है, अब जोशी जी को बोलने दीजिए।

डा0 मुरली मनोहर जोशी : और इस 23 जून को उन्होंने श्रीलंका को भी इसी प्रकार के डायरेक्टिव्स दिए कि हम आपके हिस्टॉरिकल वाटर वे राइट को नही मानते और जब यह जो medial line, जो हमारे और श्रीलंका के बीच में एक Administrative Line थी, अब अंतर्राष्ट्रीय लाइन बन गई है और इस पर सारे विश्व का अधिकार समुद्री कानून के अनुसार हो गया है । सवाल यह है कि जो हमारा जल था, हमारा पानी था, हमारी soverignty थी, वह आपने भुला दी । क्या यह सरकार की नीति है कि आप अपने सारे अधिकारों को छोड़ दें और अमेरिका के सामने सरेंडर कर दें? 23 जून को उन्होंने यह किया है और 30 जून को क्लीअरेंस दे दी गई कि सारी बातें ठीक हैं, आप आइए, इसका उदघाटन कीजिए और 2 जुलाई को उदघाटन हो गया । यह क्या तरीका है, सर? सारे एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि इसकी जांच होनी चाहिए । सूनामी के बाद जो परिवर्तन हुए हैं bathymetry में, समुद्र की आंतरिक संरचना में, उसकी जांच होनी चाहिए, उसके बारे में दोबारा परीक्षण जाने चाहिए, लेकिन वे नही किए जाते । प्रधान मंत्री कार्यालय से 18 queries की जाती हैं मार्च महीने में । इस देश की कोई प्रयोगशाला सूनामी के बाद हुई bathymetry के परिवर्तन के बारे में दो महीने के अंदर सारी रिपोर्ट दे सकती है, मैं भी विज्ञान और प्रोधोगिकी का मंत्री रहा हूं, मैं नही जानता कि ऐसी कोई है । यह बात क्या हैं कि 23 जून को वे करते हैं आप एक लाइन लिख देते हैं कि सब चीज ठीक है,आइए और उदघाटन करिए । You surrender your soveriegnty to America . आपको अपने तमाम इतिहास का ज्ञान नही है । Prof. Tad S. Murthy, जो विश्व के सबसे बड़े सूनामी प्रबंधक है, उन्होंने क्या लिखा है, वह मैं जरूर क्वोट करना चाहूंगा । उन्होंने कहा है, I quote, "During the Indian Ocean tsunami of 26th December, 2004, the very southern part of Kerala was generally spared from a major tsunami,

mainly because the tsunami waves from Sumatra region travelling south of the Sri Lankan Island, partially diffracted northward and affected the centra! part of the Kerala coast. Since tsunami is a long gravity wave, during the diffraction process, the rather wide turn it has to take spared sough Kerala coast," और यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वहां हमारे सारे Thorium deposits हैं, monazite sand है वहां पर और हमारी बहुत सारी महत्वपूर्ण संस्थाएं वहां पर हैं और सारा total destructon हो जाता है, वे कहते हैं । "...and this could impact Kerala. In late 2005,1 had a face-U>face discussion in Chennai during a very cordial meeting with Shri Raghupathy (I do not know his exact title, but he is the head of the project to the best of my knowledge) during which I raised this point. I requested him to consider slightly re-orienting the entrance of the Setu canal on the Bay of Bengal side, so that in future, tsunami events, tsunami energy w'.li not be preferentially funnelled into the Setu canal. Shri Raghupathy assured me that he would took into this matter." मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस आदमी को भारत की सरकार ने सुनामी प्रबंधक का एक प्रमुख व्यक्ति बनाया, इस संबंध में उनकी राय ले रहे है और टेक्निकल एक्सपर्ट हो कर यह राय दे रहे हैं, लेकिन आप उसकी चिंता ही नही करते है;

आप अर्थ साइंस डिपार्टमेंट की रिपोटर्स देख लीजिए, वे कहते हैं कि यह मानव निर्मित पुल है, It is a mana –made thing. वे यह बताते है कि यहां पर कॉन से इंस्टुमेंटस मिले है, वे यह बताते हैं कि यह किस तरह से बनाया गया है, लेकिन आप यह कह देते हैं कि वह सेतु ही नही है । भारत सरकार के सर्वेक्षण विभाग का जो प्रतीक है, वह कहता है – "असेतु हिमांचल" । वह कौन सा सेतु है? भारत की परिभाषा – "असेतु हिमांचल", फिर वह कौन – सा सेतु है? उसके बारे में हम पूछना चाहते है ।

कहा जाता है कि ऍडम्स ब्रिज है, ठीक है, इसका मतलब यही है कि ऍडस के आने से पहले वहां पर कोई ब्रिज था । मद्रास की सरस्वती लाइब्रेरी के जो रिकॉडर्स हैं, वे बताते हैं कि वहां से ऍडम, हज़रत आज़म पैदल सिंघल द्वीप गए थे, इसका मतलब तो यह है कि वहां पर पुल होता था । अगर वहां पर पुल था, उसके लिए हम कहते हैं कि वहां पर रामसेतु था । हमारे ग्रंथों में लिखा है कि वहां पर रामसेतु था, हमारा इतिहास बता रहा है कि रामसेतु था, दुनिया के नक्शों में उसका नाम रामसेतु है, वहां के लोग उसके बारे में कहते हैं कि वह रामसेतु है ।

यह केवल हिन्दुओं का ही सवाल नही है । मैं जब वहां पर गया था, हमे मुस्लिम मछुआरे मिले, हमें ईसाई मिले और उन सबने यही कहा कि साहब, इसे बचाइए, यह सेतु हमारा मंदिर है, हम अगर कभी इससे टकराते हैं तो उसके लिए जा कर प्रायश्चित करते हैं, पूजा करते हैं, उस दोष का परिहार

करते है । आज सवाल इस बात का नही है,सवाल यह है कि इसके लिए क्यों हठ किया जा रहा है? अमरीका के सामने झुकने के अलावा इसका और क्या मतलब है? आप अमेरिका के सामने झुक रहे है, लोगों की भावनाओं का ध्यान नही रख रहे है, एक्सपटर्स की भावनाओं का ध्यान नही रख रहे हैं, देश की सुरक्षा का ध्यान नही रख रहे है ।

वह रास्ता केवल 300 मीटर का बनेगा, आपको क्या लगता है कि वहां से कोई बड़ा जहाज जा सकता है? देश को गुमराह किया जा रहा है कि रास्ते में बडी भारी कमी हो जाएगी, हमें श्रीलंका का चक्कर नही लगाना पड़ेगा । ठीक है, क्या उसमें से 2,00,000 टन का जहाज जा सकता है? मैं बताना चाहूंगा कि वहां 32,000 टन से ज्यादा बड़ा जहाज नही जाएगा, यानी खाली कंटेनर वाला जहाज वहां से जा सकेगा । फिर आप वहां से क्या सामान ले जा सकेंगे? ज्यादा से ज्यादा इधर से उधर, तूतीकारिन के दूसरी तरफ के लिए कोयला या सामान्य चीज़ें ही ले जा सकेंगे, लेकिन क्या वहां से कोई बड़ा जहाज जा सकता है? नही जा सकता । रिपोर्टा खुद ही यह बात कहती है कि वहां से सिर्फ सर्वेलेंस के जहाज जाएंगे । जब सर्वेलेंस के जहाज जाएंगे तो डियागोगार्शिया से ऑस्ट्रेलिया तक का एक नया रास्ता, छोटा रास्ता अमेरिकन सरकार चाहती है और इसलिए यह भारत की सरकार, अमेरिका के यह सहयोगी इस बारे में बिल्कुल झुके हुए है, दबे हुए हैं । भारत की sovereignty के साथ मजाक कर रहे है, भारत की संस्कृति के साथ मजाक कर रहे हैं, भारत की धार्मिक भावनाओं के साथ मजाक कर रहे है और भारत के एक मात्र और दुनिया के एक मात्र मानव निर्मित पुल को तोड़ने का एक महान अपराध कर रहे है ।

मैं आपको यह बात बता रहा हूं कि इस तरह वे थोरियम को नष्ट करने की कोशिश कर रहे है । उसमें से जो मलबा निकला है, उसमें टाइटेनियम की भारी मात्रा निकली है । वह एक ज़बरदस्त स्थान है, इसलिए पूरी तरह से उसे बचा कर इंटरनैशनल लैवल पर उठा कर, उसे भारत का एक हैरिटेज साइट बनाना चाहिए । वह एक हैरिटेज साइट है, वह एक धार्मिक साइट है, सांस्कृतिक साइट है और सुरक्षा की दृष्टि से वह हमारे लिए बहुत जरूरी है, सबसे बडी बात यह है कि वह हमारे देश की soverignty का प्रतिनिधित्व करता हैं कि यह पुल हमारा है । यह International Waters हमारे हैं, ये अमेरिका के नही हैं, ये भारत और श्रीलंका के हिस्टॉरिकल राइटस है ।

इस संबंध में श्रीलंका की आपत्तियों को भी देखना चाहिए । उन्होंने इस पर कितनी आपत्ति की है और जब आप वहां मीडियल लाइन के पास से अपने कोस्टल गाडर्स ले जाएंगे तो कितना बड़ा खतरा पैदा होगा । क्या आप रोज़ श्रीलंका से झगड़ा करना चाहेंगे? ये इंटरनैशनली बहुत गलत है, इकोनॉमिकली बहुत गलत है, साइंटिफिकली बहुत गलत है, हिस्टॉरिकली बहुत गलत है, ट्रेडीशनली बहुत गलत है, कल्चरली बहुत गलत है ।

मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि सबसे पहले इस काम को रोका जाए और जिन लोगों को

आपत्तियां है, उन्हें वहां पर ले जाकर दिखाया जाए । मंत्री महोदय से कुछ लोगों ने कहा भी था कि हमें ले जाकर वहां पर दिखाइए और इन्होंने वायदा भी किया था कि हम दिखाएंगे, लेकिन नही लेकर गए । तीन-तीन या चार-चार बार इनसे कहा जा रहा है, लेकिन यह बात टाल जाते हैं । ये वहां पर क्यों नही ले जाना चाहते हैं? क्यों नही उसके बारे में बात करना चाहते है? मेरा सरकार से यह कहना है कि आप इस बारे में अवश्य सोचें । मैं सरकार से बिल्कुल विनम्र शब्दों में और आग्रहपूर्वक कहूगा कि अगर इस काम को रोका नही गया तो देश में भयंकर विरोध होगा और फिर जो कुछ होगा, उसकी पूरी जिम्मेदारी इस सरकार के ऊपर होगी । भारत की जनता अपनी धार्मिक स्वतंत्रता, सांस्कृतिक स्वतंत्रता, सार्वभौमिक स्वतंत्रता और हमारी वैज्ञानिक स्वतंत्रता को किसी भी हालत में विनष्ट नही होने देगी और मैं समझता हूं कि सारे सदन को इस बारे में मिल कर सरकार पर दबाव डालना चाहिए कि इस काम को वह तत्काल रोके और देश के सभी लोगों की समस्या का समाधान करने की बात स्वीकार हो । हम प्रकल्प के विरोधी नही है, हम एलाइनमेंटा के विरोधी है ।

श्रीमती सुषमा स्वराज : धन्यवाद, उपसभापति जी । उपसभापति महोदय, यह आधे घंटे की चर्चा इसी महीने तीन तारीख को राज्य सभा में परिवहन मंत्री द्वारा प्रश्न संख्या – 405 और प्रश्न संख्या – 416 के उत्तर मे से उपजी है । अभी संसदीय कार्यमंत्री कह रहे थे कि यह विषय बहुत महत्वपूर्ण है इस पर हमें शौर्ट ड्यूरेशन डिस्कशन यानी अल्पकालिक चर्चा मांगनी चाहिए थी । मैं उनकी जानकारी के लिए बता दूं कि हम भी विषय का महत्व जानते हैं और हमने अल्पकालिक चर्चा का नोटिस दिया था और अल्पकालिक चर्चा इस पर होती तो हमें बहुत ज्यादा प्रसन्नता होती । लेकिन जब 3 मई को प्रश्न संख्या – 405 और प्रश्न संख्या – 416 इसी से संबंधित यहां आए और जो दोनों जवाब मंत्री महोदय की तरफ से दिए गए वे दोनों जवाब सत्य से परे थे । इसलिए हमने एक दूसरी विधा का भी सहारा लिया और हॉफ-एन-ऑवर यानी घंटे की चर्चा का नोटिस इसके लिए दिया । अगर शौर्ट ड्यूरेशन डिस्कशन होता तो यह सत्र समाप्त हो जाता और सच्चर समिति की तरह इसका भी वही हश्र होता, यह कभी मिलती नही । कम से कम इस दूसरी विधा के सहारे से हमें इतनी बात कहने का मौका तो मिल रहा है क्योंकि हमारी हॉफ-एन-ऑवर डिस्कशन स्वीकृत कर ली गई थी । जहां तक इन दोनों प्रश्नों का जवाब है, एक प्रश्न के उत्तर में मंत्री जी ने यह कहा कि उन्हें कोई प्रतिवेदन श्रीराम सेतु की रक्षा के लिए और श्रीराम सेतु को तोड़ने के विरोध में न होने के लिए नही मिला है । दूसरे प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि वहां मानव निर्मित कोई ढ़ांचा के वैज्ञानिक साक्ष्य प्राप्त नही हुए है । ये दोनों उत्तर सत्य से परे है । मैं मंत्री महोदय से जानना चाहती हूं कि क्या यह सत्य नही है कि एक बहुत बड़ा प्रतिनिधिमंडल श्रीराम सेतु की रक्षा के लिए महामहिम राष्ट्रपति जी को मिलने आया था । उसके बाद माननीय प्रधान मंत्री को मिला था और प्रधान मंत्री जी ने उस प्रतिनिधिमंडल को आपसे मिलने के लिए भेजा था और जब वह प्रतिनिधिमंडाल आपसे मिला तो आपने उनसे कहा कि मैं आपको बुलाऊंगा स्वयं वहां से ले जाकर आपको दिखाऊंगा और आपकी शंकाओं का निराकरण

करूंगा । आज उस बात को इतने दिन हो गए, वे आपके आंत्रण का इंतजार कर रहे है, न आपने बुलाया, न आपने दिखाया । इसके अलावा अभी जब डा0 जोशी ने अपनी बात शुरू की तो उन्होंने कहा कि मैंने एक पत्र लिखा था । क्या वह पत्र प्रतिवेदन नही है? मेरी जानकारी के अनुसार चारो शंकराचार्यो के प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल आप ही की सरकार के एक महत्वपूर्ण केन्द्रीय मंत्री के साथ प्रधान मंत्री जी को मिला था, आपको मिला था । क्या वह प्रतिवेदन नही है? आपकी सरकार के मंत्रियों ने आपको पत्र लिखे हैं क्या वे प्रतिवेदन नही है? तो आपका यह कहना कि इन संगठनों से आपको कोई प्रतिवेदन नही मिला, वैसे जवाब हमने भी दिए हैं मंत्री के नाते सदन में, हमेशा उसके आगे यह लिख दिया जाता है कि However some other representations have been received . अगर उन संगठनों का कोई प्रतिवेदन नही मिला था जिनके बारे में लिखा था तो आपको यह तो जवाब देना चाहिए था सदन को कि लेकिन आपको और बहुत से प्रतिवेदन मिले है । आप टोटली मौन साध गए और आपने उन प्रतिवेदनों का कोई जिक्र नही किया । यह मेरा प्रश्न और पहला क्लेरिफिकेशन, जो प्रश्न संख्या-405 के उत्तर में आपने दिया था ।

प्रश्न संख्या – 416 के जवाब में आपने कहा कि वहां मानव निर्मित कोई ढ़ांचा का वैज्ञानिक साक्ष्य नही है । यह बहुत चतुराई से दिया गया जवाब है । क्योंकि हम यह कहते हैं कि वह बानर निर्मित ढ़ांचा था । गोस्वामी तुलसी दास जी और वाल्मीकि जी का यह कहना है कि बानर सेना के द्वारा भगवान राम ने वह पुल बनवाया था । और अगर कल को वह पुल मिल जाए और हम उन पर प्रिविलेज लेकर आएं तो यह कहेंगे मैंने तो कहा था कि मानव निर्मित ढ़ांचा नही था । जब आपका यह जवाब मैंने पढ़ा जो मुझे इस पर विंस्टन चर्चिल का एक बहुत चर्चित वाकया याद आया, शायद आपने भी सुना हो । एक बार चर्चिल रात को एक कार में जा रहे थे । रास्ता भटक गए । तो उन्होंने अपने ड्राईवर से पूछा Where are we? ड्राईवर ने कहा कि सर, We are in the car. तो उसने कहा कि Is this way of answering the questions? तो उसने कहा कि Sir, this is the way you answer the questions in Parliament. क्योंकि बात सही थी, अगर पूछेंगे Where are we? They were in the car. ड्राईवर ने कहा – We are in the car. लेकिन वह जवाब सही नही था । जो बात पूछी गई थी उसका जवाब नही दे रहा था । तो हो सकता है कि कल को यह निकले कि यह जो ढ़ांचा अमेरिका के सेटलाइट के द्वारा दिखाया गया , पूरे हिन्दुस्तान के टेलीविजन पर दिखाया गया, वह क्या है? वह ढ़ांचा क्या है, मैं आपसे जानना चाहती हूं । अगर वहां मानव निर्मित ढ़ांचे का कोई वैज्ञानिक साक्ष्य नही है तो जो यू0एस0ए0 सेटलाइट के द्वारा दृश्य दिखाया गया , जिसको भारत के तमाम टेलीविजन चैनल्स ने प्रसारित किया, वह ढ़ांचा क्या है? अगर कल को यह निकले कि वह बानर निर्मित ढ़ांचा है तो आप कह देंगे कि मैंने तो कहा था कि मानव निर्मित ढ़ांचा नही है और चतुराई से बचकर निकल जाएंगे । लेकिन मेरा आपसे एक क्लेरिफिकेशन है, मैं पूछना चाहती हूं कि वह ढ़ांचा क्या है जो पूरे टेलीविजन पर लोगों ने देखा है ।

जो बातें डा0 जोशी ने कही है, मैं उनको दोहराना चाहती हूं । मैं केवल एक बात कहना चाहती हूं कि इस सेतु को न तोड़ने के पीछे पांच कारण हैं – पहला कारण,यह विषय करोड़ों-करोड़ भारतीयों की आस्था से जुड़ा है । भगवान श्रीराम मर्यादा पुरूषोत्तम है । अगर वह देहधारी इन्सान भी है, तो हिन्दुस्तान की संस्कृति के आदर्श है । इसलिए यह करोड़ों-करोड़ भारतीयों की आस्था का विषय है, यह पहली बात है ।

दूसरी बात यह है कि इस सेतु में थोरियम का आपार भंडार भरा पड़ा है । तीसरा, यह सेतु समुद्र है । पांचवा, यह हमारे देश की सबसे प्राचीन धरोहर है । उपसभापति जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि इनमें से एक अकेला कारण भी इस सेतु का विध्वंस न करने के लिए काफी है । लेकिन यहां तो पांच-पांच कारण हैं जिनके कारण इस सेतु का विध्वंस नही होना चाहिए । ...(**समय की घंटी**)...आखिरी बात मैं एक मिनट में कहकर अपनी बात समाप्त करूंगी । मैं एक बात आपको चेतावनी के रूप में भी कहना चाहती हूं । इस देश की आस्थाओं को कम करके मत आंकिए । मंत्री जी, पहली बार हुआ है कि चारों पीठों के जगतगुरू, चारो शंकराचार्य पीठों के पीठाधीश्वर पहली बारे किसी आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए आगे गये । इससे पहले कभी भी वे अगर इकट्ठे हुये हैं, तो धार्मिक आयोजनों के लिए इकट्ठे हुये है । जब-जब चतुष्ठपीठ आयोजन हुआ है, तो उन चारों ने इकट्ठे आकर पूजा-अर्चना की है, लेकिन शासन के विरुध्द किसी एक आंदोलन की अगुवाई करने के लिए जगतगुरू स्वरूपानंद जी सरस्वती, निश्चलानंद जी सरस्वती, स्वामी भारतीय तीर्थ जी रामलील मैदान में आयें , एक आंदोलन का नेतृत्व करें, जिसके लिए करोड़ करोड़ नर-नारी उद्वेलित हों, जिसके लिए राजनेता उद्वेलित हों, जिसके लिए लाखों संत महात्मा उद्वेलित हों, आप उस आंदोलन की क्षमता को कम करके मत आंकिए , इसलिए मैं आपसे कहना चाहती हूं कि बजाय इसके कि इतना बड़ा आंदोलन निकले और आपकी सत्ता को ध्वस्त कर दे, बेहतर होगा कि श्रीराम सेतु को ध्वस्त करने जा जो आपका निर्णय है, उस निर्णय को आप बदलिये । हिन्दुस्तान के लोगों की आस्थाओं का आप ध्यान करिये और इस निर्णय को बदलेंगे, तो आपकी सत्ता भी बचेगी वरना आपकी सत्ता भी नही बचेगी और मुझे इन तमाम बातों का उत्तर दीजिए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्री भगवती सिंह (उत्तर प्रदेश) **:** उपसभापति जी, आपने सेतु समुद्रम परियोजना की चर्चा में भाग लेने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं ।

श्री उपसभापति : आप क्वेश्चन पूछिए । क्लेरिफिकेशन पूछिये ।

श्री भगवती सिंह : मान्यवर, यह परियोजना जो भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार के कार्यकाल की है, उसके संबंध में, मैं इसके विरोध में इसलिए हूं कि राम सेतु का संबंध हमारी

संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता से है । मान्यवर, प्रश्न धर्म का नही है । करोड़ों लोगों की भावनायें इससे जुडी हैं और वे इन भावनाओ से प्रेरित हैं । जो अमेरिकी अंतरिक्ष संस्था "नासा" ने इसके अस्तित्व को प्रमाणित किया है । मान्यवर, इसी के साथ-साथ "नासा" के अनुसार जो...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आप सवाल पूछिये । ...(**व्यवधान**)...

